प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 03.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार अप्रैल 2026 से फरवरी 2027 तक दो चरणों में करायेगी जनगणना, राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति के निर्णय के अनुसार होगी जाति की गणना।

2. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मोबाइल उपभोक्ता सुरक्षा से जुड़ा एप संचार साथी को बताया वैकल्पिक, कहा– यह एप जासूसी या कॉल मॉनिटरिंग नहीं करता।

3. ईडी ने कल रांची के चर्चित सीए नरेश केजरीवाल के ठिकानों से 65 लाख रुपये नकद और 55 लाख के सोना चांदी के सिक्के किए जब्त।

4. मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों में राज्य का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का जारी किया पूर्वानुमान, उत्तर से आने वाली हवाएं बढ़ायेंगी कनकनी।

5. अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे सैयद मुस्ताक अली ट्रॉफी के रोमांचक मुकाबले में कल झारखंड ने सौराष्ट्र को 84 रनों से किया पराजित।

*************************

केंद्र सरकार अपैल 2026 से फरवरी 2027 के बीच दो चरणों में जनगणना करायेगी। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में कहा कि पहले चरण की जनगणना अप्रैल और सितंबर 2026 के बीच, जबकि दूसरे चरण की जनगणना फरवरी 2027 में होगी। फेज–वन में हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस होगा। दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना होगी। जनसंख्या की गणना फरवरी 2027 में की जाएगी। इसकी संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 होगी। जनगणना में जाति गणना राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति के निर्णय के अनुसार होगी।

*************************

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि संचार साथी ऐप वैकल्पिक होगा। संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए श्री सिंधिया ने कहा कि यह ऐप जासूसी या कॉल मॉनिटरिंग नहीं करता। यह ऐप उपभोक्ता सुरक्षा से जुड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार ने सभी स्मार्टफोन पर प्री–लोड करने का निर्देश मोबाइल निर्माता कंपनियों को दिया है, लेकिन अगर आप संचार साथी नहीं चाहते, तो इसे डिलीट कर सकते हैं।

*************************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को पुलिस हिरासत या पुलिस ट्रांजिट के दौरान होने वाली मौतों के मामलों का विस्तृत ब्योरा मांगा है। अदालत ने कहा कि गृह विभाग के प्रधान सचिव की ओर से प्रस्तुत शपथपत्र में केवल जेल या न्यायिक हिरासत में होने वाली मौतों का ही डेटा है जबकि पिछले आदेश में सभी प्रकार की हिरासत में मौतों का ब्योरा मांगा गया था। अदालत ने गृह विभाग के प्रधान सचिव को व्यक्तिगत रूप से शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होगी।

*************************

फर्जी जाति प्रमाण पत्र देकर रिम्स में एमबीबीएस कोर्स में दाखिला लेने की आरोपी छात्रा काजल का नामांकन रद्द कर दिया गया है। छात्रा ने अनुसूचित जाति का फर्जी प्रमाणपत्र दिखाकर प्रवेश लिया था। जांच में यह मामला सही पाया गया। इसके बाद रिम्स प्रबंधन ने एक दिसंबर को छात्रा का नामांकन रद्द कर दिया है।

*************************

मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड के मंझलाडीह और आहारडीह के बीच जोरिया पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण होने से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

**************************

फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट यानी फेमा के तहत ईडी ने कल रांची के चर्चित सीए नरेश केजरीवाल के ठिकानों से 65 लाख नकद और 55 लाख के सोना चांदी के सिक्का बरामद किया। छापेमारी के दौरान गिरधर केजरीवाल के ठिकानों से 30 लाख रुपये नकद, अजय केजरीवाल के ठिकानों से 10 लाख और इंदर केजरीवाल के ठिकानों से 25 लाख रुपये नकद और 55 लाख रुपये के सोना–चांदी के सिक्के मिले हैं। इसके अलावा इडी को विदेशों में बनी शेल कंपनियों में 1000 करोड़ से अधिक का निवेश का पता चला।

**************************

बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर ने कल गिरिडीह में नक्सल उन्मूलन, आर्थिक अपराध और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गिरिडीह जिले की पुलिस साइबर अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को किसी कीमत पर साइबर अपराधियों का हब नहीं बनने देंगे।

**************************

कोडरमा जिले में नगर निकाय चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं।

**************************

एंटी करप्शन ब्यूरो की रांची टीम ने सिमडेगा से होम गार्ड के एक मुंशी श्याम कुमार गुप्ता को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। मुंशी श्याम कुमार गुप्ता ने कमान पत्र निर्गत करने के लिए रिश्वत मांगी थी। सिमडेगा के शाहपुर निवासी बोनिफास डुंगडुंग ने एसीबी से इसकी शिकायत की थी।

**************************

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों में ज्यादातर जिलों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। विभाग ने कहा कि उत्तर से आने वाली हवाओं की वजह से कनकनी महसूस होगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस साल रांची का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

**************************

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे सैयद मुस्ताक अली ट्रॉफी के रोमांचक मुकाबले में कल झारखंड ने सौराष्ट्र को 84 रनों से हरा दिया। झारखंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 209 रन बनाये। कप्तान इशान किशन ने 50 गेंद पर 93 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र की टीम 125 रन ही बना सकी।

**************************

और अब अखबारों की सुर्खियां

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने रांची में फेमा के तहत सीए नरेश केजरीवाल के कई ठिकानों पर इडी की छापेमारी की खबर को प्रमुखता दी है। इसके अलावा...
- दैनिक भास्कर ने झारखंड में पेसा लागू हाने का रास्ता साफ होने और कैबिनेट की बैठक में मंजूरी मिलने की संभावना की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।
- प्रभात खबर की सुर्खी है– एसआईआर से पहले मतदाता सूची से हटेंगे 12 लाख नाम।

- हिन्दुस्तान ने संचार मंत्री के हवाले से लिखा है– संचार साथी एप जासूसी के लिए नहीं, सुरक्षा से जुड़ा है।
- दैनिक जागरण ने सीएम हेमंत सोरेन के आज दिल्ली से लौटने की संभावना और शीतकालीन सत्र की रणनीति बनाने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

*************************